**Series AB2CD/4** **SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/4/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **9 + 1** मानचित्र हैं ।
Please check that this question paper contains **9** printed pages + **1** Map.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **10** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **10** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* — *Maximum Marks : 40*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **10** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग** और **घ** ।*

*(iii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिए गए हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **4** तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **5** से **7** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150 – 200** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **8** और **9** केस-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न, उप-प्रश्नों के साथ **4** अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **10** मानचित्र-आधारित प्रश्न है, जो **2** अंकों का है ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है, फिर भी, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे विकल्पीय प्रश्नों में से केवल एक प्रश्न का ही उत्तर लिखना है ।*

## खण्ड क

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)** *4×3=12*

**1.** संविधान सभा में ‘शक्तिशाली और एकीकृत केन्द्र’ के दृष्टिकोण को उजागर करने में बी.आर. अम्बेडकर की भूमिका का वर्णन कीजिए । *3*

**2.** (क) “ब्रिटिश अधिकारियों के मन में कुछ विचार थे जब उन्होंने 1793 में बंगाल में इस्तमरारी बंदोबस्त की शुरुआत की ।” कथन का विश्लेषण कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) इस्तमरारी बंदोबस्त में ज़मींदारों द्वारा राजस्व का भुगतान करने में नियमित विफलता के कारणों का विश्लेषण कीजिए । *3*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **10** questions.*

*(ii)* *This question paper is divided into **four** sections — **Section A, B, C** and **D**.*

*(iii)* ***All** questions are compulsory. Marks have been given against each question.*

*(iv)* ***Section A** – Questions no. **1** to **4** are Short-Answer Type Questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **80** words.*

*(v)* ***Section B** – Questions no. **5** to **7** are Long-Answer Type Questions, carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed **150 – 200** words.*

*(vi)* ***Section C** – Questions no. **8** and **9** are Case-based Questions, carrying **4** marks each with subparts.*

*(vii)* ***Section D** – Question no. **10** is Map-based Question, carrying **2** marks.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions. Only one of the choices in such questions have to be attempted.*

## SECTION A

**(Short-Answer Type Questions)** *4×3=12*

**1.** Describe the role of B.R. Ambedkar in highlighting the approach of 'strong and united Centre' in the Constituent Assembly. *3*

**2.** (a) "There were certain considerations in the minds of British officials when they introduced Permanent Settlement in Bengal in 1793." Analyse the statement. *3*

**OR**

(b) Analyse the reasons for regular failure in paying revenue by the zamindars in the Permanent Settlement. *3*

**3.** स्पष्ट कीजिए कि अंग्रेज़ अवध के क्षेत्र को अपने नियंत्रण में हासिल करने के लिए इतने इच्छुक क्यों थे । *3*

**4.** औपनिवेशिक शासन के विरोध में 'लाल-बाल-पाल' की भूमिका की व्याख्या कीजिए । *3*

## खण्ड ख

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न) *3×6=18*

**5.** "1857 के विद्रोह को समझने के लिए विद्रोही घोषणाएँ, प्रशासकों और सैन्य कर्मियों के आधिकारिक ब्योरे और चित्रात्मक अभिव्यक्तियाँ प्रमुख स्रोत हैं ।" उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए । *2+2+2=6*

**6.** (क) जलियाँवाला बाग हत्याकांड की दु:खद घटना का वर्णन कीजिए । भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन पर इसके क्या प्रभाव पड़े थे ? *6*

**अथवा**

(ख) भारतीय किसानों के उद्धारकर्ता के रूप में गाँधीजी की भूमिका का वर्णन कीजिए । *6*

**7.** (क) "मुगल अभिजात-वर्ग की भर्ती विभिन्न नृ-जातीय तथा धार्मिक समूहों से होती थी ।" उपयुक्त तर्कों से कथन की पुष्टि कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) "धार्मिक ज्ञान के लिए अकबर की तलाश ने फतेहपुर सीकरी के इबादत खाने में अंतर-धर्मीय चर्चाओं को बढ़ावा दिया ।" उपयुक्त तर्कों से कथन की पुष्टि कीजिए । *6*

**3.** Explain why the Britishers were interested in acquiring the region of Awadh under their control. *3*

**4.** Explain the role of 'Lal-Bal-Pal' in opposition to the colonial rule. *3*

## SECTION B

**(Long-Answer Type Questions)** *3×6=18*

**5.** "The rebel proclamations, the official accounts of administrators and military men and the visual representations are the major sources to understand the Revolt of 1857." Support the statement with examples.

*2+2+2=6*

**6.** (a) Describe the tragic incident of Jallianwala Bagh massacre. What was its impact on the Indian National Movement ? *6*

**OR**

(b) Describe the role of Gandhiji as a saviour of the Peasants of India. *6*

**7.** (a) "The Mughal nobility was recruited from diverse ethnic and religious groups." Support the statement with suitable arguments. *6*

**OR**

(b) "Akbar's quest for religious knowledge led to interfaith debates in the Ibadat Khana at Fatehpur Sikri." Support the statement with appropriate arguments. *6*

## खण्ड ग

## (केस-आधारित प्रश्न) *2×4=8*

**8.** नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+1+2=4*

### तसवीर की प्रशंसा में

अबुल फ़ज़्ल चित्रकारी को बहुत सम्मान देता था :

> किसी भी चीज़ का उसके जैसा ही रेखांकन बनाना तसवीर कहलाता है । अपनी युवावस्था के एकदम शुरुआती दिनों से ही महामहिम ने इस कला में अपनी अभिरुचि व्यक्त की है । वे इसे अध्ययन और मनोरंजन दोनों का ही साधन मानते हुए इस कला को हर संभव प्रोत्साहन देते हैं । चित्रकारों की एक बड़ी संख्या इस कार्य में लगाई गई है । हर हफ़्ते शाही कार्यशाला के अनेक निरीक्षक और लिपिक बादशाह के सामने प्रत्येक कलाकार का कार्य प्रस्तुत करते हैं और महामहिम प्रदर्शित उत्कृष्टता के आधार पर ईनाम देते तथा कलाकारों के मासिक वेतन में वृद्धि करते हैं... अब सर्वाधिक उत्कृष्ट चित्रकार मिलने लगे हैं और बिहज़ाद जैसे चित्रकारों की अत्युत्तम कलाकृतियों को तो उन यूरोपीय चित्रकारों के उत्कृष्ट कार्यों के समकक्ष ही रखा जा सकता है जिन्होंने विश्व में व्यापक ख्याति अर्जित कर ली है । ब्योरे की सूक्ष्मता, परिपूर्णता और प्रस्तुतीकरण की निर्भीकता जो अब चित्रों में दिखाई पड़ती है, वह अतुलनीय है । यहाँ तक कि निर्जीव वस्तुएँ भी प्राणवान प्रतीत होती हैं । सौ से अधिक चित्रकार इस कला के प्रसिद्ध कलाकार हो गए हैं । हिंदू कलाकारों के लिए यह बात ख़ासतौर पर सही है । उनके चित्र वस्तुओं की हमारी परिकल्पना से कहीं परे हैं । वस्तुतः पूरे विश्व में कुछ लोग ही उनके समान पाए जा सकते हैं ।

(8.1) अबुल फ़ज़्ल ने चित्रकारी को 'जादुई कला' के रूप में वर्णित क्यों किया ? *1*

(8.2) अबुल फ़ज़्ल ने चित्रकारी की कला को किस प्रकार वैधता प्रदान करने का प्रयास किया ? *1*

(8.3) आपको क्यों लगता है कि यूरोपीय चित्रकारों ने विश्वव्यापी ख्याति प्राप्त की है ? *2*

**9.** नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+1+2=4*

### हमने विशेषाधिकार कभी नहीं माँगे

बम्बई की हंसा मेहता ने महिलाओं के लिए न्याय की माँग की, आरक्षित सीटों की नहीं और न ही पृथक चुनाव क्षेत्र की :

> हमने विशेषाधिकार कभी नहीं माँगे । हमने सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय और राजनीतिक न्याय की माँग की है । हमने उस बराबरी की माँग की है जिसके बिना पारस्परिक आदर और समझ नहीं बन सकते, जिसके बिना पुरुष और महिला के बीच वास्तविक सहयोग संभव नहीं है ।

(9.1) महिलाओं को आर्थिक रूप से कैसे सशक्त किया जा सकता है ? *1*

(9.2) पुरुषों और महिलाओं के बीच आपसी सम्मान का आधार क्या हो सकता है ? *1*

(9.3) हंसा मेहता ने महिलाओं के लिए पृथक निर्वाचिका की माँग क्यों नहीं की ? *2*

## SECTION C

**(Case-based Questions)** *2×4=8*

**8.** Read the source given below carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**In praise of *taswir***

Abu'l Fazl held the art of painting in high esteem :

> Drawing the likeness of anything is called *taswir*. His Majesty from his earliest youth, has shown a great predilection for this art, and gives it every encouragement, as he looks upon it as a means both of study and amusement. A very large number of painters have been set to work. Each week, several supervisors and clerks of the imperial workshop submit before the emperor the work done by each artist, and His Majesty gives a reward and increases the monthly salaries of the artists according to the excellence displayed. ... Most excellent painters are now to be found, and masterpieces, worthy of a Bihzad, may be placed at the side of the wonderful works of the European painters who have attained worldwide fame. The minuteness in detail, the general finish and the boldness of execution now observed in pictures are incomparable; even inanimate objects look as if they have life. More than a hundred painters have become famous masters of the art. This is especially true of the Hindu artists. Their pictures surpass our conception of things. Few, indeed, in the whole world are found equal to them.

(8.1) Why did Abu'l Fazl describe painting as a 'magical art' ? *1*

(8.2) How did Abu'l Fazl seek to legitimise the art of painting ? *1*

(8.3) Why do you think European painters attained worldwide fame ? *2*

**9.** Read the source given below carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**We have never asked for privileges**

Hansa Mehta of Bombay demanded justice for women, not reserved seats, or separate electorates.

> We have never asked for privileges. What we have asked for is social justice, economic justice, and political justice. We have asked for that equality which alone can be the basis of mutual respect and understanding, without which real cooperation is not possible between man and woman.

(9.1) How can women be empowered economically ? *1*

(9.2) What could be the basis of mutual respect among men and women ? *1*

(9.3) Why did Hansa Mehta not demand separate electorate for women ? *2*

## खण्ड घ

## (मानचित्र-आधारित प्रश्न) *1+1=2*

**10.** 10.1 **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में, निम्नलिखित में से किसी ***एक*** को उपयुक्त चिह्न के साथ अंकित कीजिए और नाम लिखिए :

(क) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नील खेतीहरों के लिए अपनी आवाज़ उठाई । *1*

**अथवा**

(ख) वह स्थान जहाँ से नाना साहेब 1857 के विद्रोह से जुड़े । *1*

10.2 **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर मुग़ल साम्राज्य के राजधानी नगर से संबंधित एक स्थान को 'A' के रूप में अंकित किया गया है । इसकी पहचान कीजिए और इसके निकट खींची गई रेखा पर इसका नाम लिखिए । *1*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. 10 के स्थान पर हैं :*

10.1 (क) 1857 के विद्रोह के किसी एक केन्द्र का नाम लिखिए । *1*

**अथवा**

(ख) 1857 में ब्रिटिश शासन के अधीन भारत के किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए । *1*

10.2 मुग़ल साम्राज्य के किसी एक राजधानी नगर का नाम लिखिए । *1*

## SECTION D
### (Map-based Question) *1+1=2*

**10.** 10.1 On the given political outline map of **India** (on page 11), locate and label any ***one*** of the following with appropriate symbol :

(a) A place where Gandhiji raised his voice for indigo planters. *1*

**OR**

(b) A place where Nana Saheb joined the Revolt of 1857. *1*

10.2 On the same political outline map of **India**, a place related to the capital city of the Mughal Empire is marked as 'A'. Identify it and write its name on the line drawn near it. *1*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates,** only in lieu of Q. No. 10 :*

10.1 (a) Name any one centre of the Revolt of 1857. *1*

**OR**

(b) Name any one place in India which was under the British control in 1857. *1*

10.2 Name any one capital city of the Mughal Empire. *1*

प्रश्न सं. 10 के लिए

For question no. 10

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**

**Outline Map of India (Political)**

